## सार-समाचार

## ज्योतिबा फुले जयंती पर रैली व सम्मान समारोह 11 को

**करौली।** माली समाज के महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान छात्रावास, करौली में मंगलवार को संस्था अध्यक्ष प्रेमसिंह माली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक आयोजित की गई।जिसमें समाज बंधुओ ने 11 अप्रैल को जयंती समारोह को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए मनाने का निर्णय लिया।बैठक में तय किया गया कि जयंती के अवसर पर फुले सर्किल से छात्रवाष्टक रैली निकाली जाएगी, इसके साथ ही जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कक्षा 10 और 12 की प्रतिमाओं और जनवरी 2025 से 31 मार्च 2026 तक नवनियुक्त कर्मचारी एवं सेवानिवृत कर्मचारियों का भी सम्मान किया जाएगासंस्था सचिव एवं कस्बा करौली अध्यक्ष रामगोपाल माली ने बताया कि जनवरी 2025 से मार्च 2026 तक के नवनियुक्त एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी इस मंच पर सम्मानित किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा 10 और 12 की बालिकाओं को 80 प्रतिशत तथा बालकों को 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया जाएगा। बैठक के दौरान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे फुले जयंती कार्यक्रम और छात्रावास निर्माण में तन, मन और धन से सहयोग प्रदान करें। उन्होंने जिले के समाज बंधुओं से आठाह किया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेने हेतु अपनी प्रविष्टियां 5 अप्रैल तक संस्थान में जमा कराएं।साथ ही, प्रतिभागी व्हाट्सएप नंबर 9983914477 पर अपना संपूर्ण बायोडोटा और मोबाइल नंबर भेजकर भी पंजीकरण करा सकते हैं।इस आयोजन में सैनी समाज के शिक्षण संस्थानों के निदेशकों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों का सहयोग रहेगा, जिससे कार्यक्रम को व्यापक और प्रभावी स्वरूप दिया जा सके। अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करने पर सैनी शिक्षण संस्थानों के निदेशकों का भी सम्मान किया जाएगा। बैठक में कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी, करौली अध्यक्ष रामखिलाड़ी माली, किरोड़ी लाल सैनी, बाबूलाल भगत, रूपसिंह ड्राइवर, नाथ्या भगत, राम सिंह, पन्नूसिंह माली, प्रभु लाल पार्षद बाबू लाल, धर्मी सैनी, एडवोकेट सीताराम, रामजीलाल, गोपाल लाल माली सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे।कार्यक्रम के माध्यम से समाज में शिक्षा, एकता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाएगा, जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिल सके और समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा मजबूत हुई हैं।

## लंबित मांगों पर जल्द कार्रवाई की उठी मांग

**भरतपुर** (निस)। आल इण्डिया पंजाब नैशनल बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज एसोसियेशन की भरतपुर यूनिट की द्विमासिक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। सर्व प्रथम भरतपुर इकाई के अध्यक्ष सत्यवान तिवाड़ी ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया तथा बताया कि अधिकांश सदस्यों के नये पहचान पत्र बनवा दिये गये हैं तथा दिसम्बर माह में बजाज हेल्थ चौक अप के प्रति जागरूकता पैदा कर अधिकाधिक सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच करवाई गई। मीटिंग में सचिव सुरेश सुनार ने पेंशनरों से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं जैसे पेंशन अपडेशन हेतु सुप्रीम कोर्ट में लम्बित एम. सी. सिंगला केस की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी । इसके साथ ही कुमुटेशन में कटोती की अवधि 10-12 वर्ष करना, पेन्शन की गणना में स्पेशल भत्ते को शामिल करना, बीमा प्रीमियम का खर्च बैंक द्वारा वहन करना आदि मांगों पर सरकार/ आई. बी.ए. / बैंक द्वारा शीघ्र कार्यवाई की मांग की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डी. डी. शर्मा ने कहा कि पेंशन अपडेशन आई. बी. ए. / सरकार की हठधर्मिता के कारण पिछले 30 वर्षों से पैण्डिंग है । जबकि रिजर्व बैंक में दो बार अपडेशन हो गया है, जिससे बैंक पेंशनर्स में अत्यन्त निराशा एवम रोष है। मीटिंग में सत्यवान तिवारी, एस के सुनार, विशन गुप्ता, सुरेंद्र सिंह सिनसिनवार, सुनील दत्त शर्मा, अशोक बंसल, आर. एस. गुप्ता, दिनेश गुम्बर, वी. के. अठावाल, एम. एल. यादव आदि सदस्यों ने भाग लिया। एस.एन. सिंघल ने आभार प्रकट किया तथा अन्त में, स्वल्पाहार के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मीटिंग सम्पन्न हुई।

## पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन

**भरतपुर** (निस)। मंदिर श्रीनाथ जी महाराज पुरोहित मौहल्ला की आज सभी भक्तगणों एवं सहयोगी सदस्यों की मीटिंग, आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता मंदिर श्री दाऊजी महाराज विकास ट्रस्ट के संरक्षक रामबिहारी शर्मा एडवोकेट ने की। प्रमुख समाजसेवी मोहन मित्तल ने बताया कि नवनिर्मित मंदिर के संचालन एवं व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। सभी की आम सहमति से निर्विरोध निम्न प्रकार कार्यकारिणी का गठन किया गया है। सं्रक्षक मण्डल में गोपीलाल अठावाल, मोहन मित्तल, रामबिहारी शर्मा एडवोकेट, मुरारी लाल चौधरी, महेश गोयल सर्राफ, ओमप्रकाश खंडेलवाल कलाकन्द वाले, अध्यक्ष-लांगुरमल वजाज, उपाध्यक्ष-सुशील गोयल इत्र वाले, प्रदीप कोठारी, महामंत्री-वीरेन्द्र कुमार विन्दल, मंत्री-कैलाश मित्तल, कोषाध्यक्ष-नितिन सर्राफ, आडीटर-विनोद मेडीकल, मंत्री-मंदिर संचालन-रोहित राजपूत, दिनेश डीगिया, मंत्री प्रचार प्रसार-कुलदीप शर्मा बौबी तथा सदस्यों में विनोद सिंघल अपना घर आश्रम, अनिल कोठारी, आशीष मित्तल, राजीव चौधरी, विष्णु शर्मा टीटू, हरिकिशन विसायती, वंशज सदस्य सुभाष सिंघल, आदेश वशिष्ठ, अर्जुन बंसल, चन्द्रप्रकाश दुवे, निखिल दीपक सिंघल तथा विशेष आमंत्रित सदस्यों में धर्मेन्द्र शर्मा कांठोस नेता, डॉ.डी.डी. गोयल, डॉ.वी.एन. शर्मा, प्रिंस सर्राफ, धनेश रामा सिंघल, सुरेश मित्तल, विष्णु लोहिया, मोहनलाल अठावाल दवाई वाले, पवन जिंदल, सुनील मित्तल भुसावरी, महेशचंद सिंघल, मनीष भांडोर, माधव मित्तल, कृष्ण कुमार कोठारी, जवाहर सोनी, प्रहलाद गोकयनका को मनोनीत किया गया है।

## मदन गोपाल शर्मा सम्मानित

**भरतपुर** (निस)। अलायंस क्लब भरतपुर प्रान्त 120एन के इन्टरनेशनल द्वारा सत्र 2026-27 के प्रथम दिन प्रान्तपाल के रूप में एली ओंकार सिंह संधु आईपीडीजी, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा संस्थापक प्रान्तपाल, श्याम सुन्दर गुप्ता, सत्यदेव आर्य पीडीजी ने प्रान्तपाल मदन गोपाल शर्मा का शॉल, माला, दुपट्टा, साफा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर लाइफ मेम्बर फैलोशिप एवं से सत्यदेव आर्य,श्रीनाथ शर्मा, सोहनलाल शर्मा, राजकुमार तिलकधारी, रंजना तिवारी एवं ओंकार सिंह संधु को सर्विस लीडरशिप फैलोशिप सम्मान से नवाजा गया। साथ ही प्रान्त 120एन के राजेन्द्र प्रसाद शर्मा संस्थापक प्रान्तपाल एवं प्रान्तपाल राधाचरण कौशिक को इन्टरनेशनल प्रेसीडेंट द्वारा लीडरशिप मैडल से एवं एली ओंकार सिंह संधु को 100 प्रतिशत इन्टरनेशनल प्रेसीडेंट अवार्ड से सम्मानित किये जाने पर शुभकामनाएँ दीं। कक्षा 12वीं विज्ञान में बोर्ड की छात्रा परी सिंघल पुत्री अशोक कुमार सिंघल को 95.06 प्रतिशत एवं छात्रा रिया मुदगल पुत्री सूर्यपाल शर्मा को 87.1 प्रतिशत अंक लाने पर दुपट्टा एवं स्मृति चिंह प्रदान कर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, ओंकारसिंह संधु, मदनगोपाल शर्मा, सत्यदेव आर्य, श्रीनाथशर्मा, हरेन्द्र शर्मा, सोहनलाल शर्मा, पदमा मिनोचा, प्रभूदयाल सिंह, सूर्य कुमार, ओ.पी.भटनागर, अरूणकुमार, अशोक कुमार, मुरारी लाल, दीपक कुमार,सर्विन्दर सलूजा आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहयोग दिया।

## प्रतियोगिता में महिलाओं ने बिखेरे रंग

**गंगापुर सिटी ।** अग्रवाल समाज महिला समिति उदई मोड़ द्वारा अग्रसेन सेवा सदन में नवरात्रि महोत्सव और घूमर-डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शकुंतला ने की। मुख्य अतिथि स्वाति सिंघल ने महाराजा अग्रसेन और मां कुलदेवी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महामंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में घूमर और डांडिया की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में प्रियंका एंड ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि श्रुति अग्रवाल द्वितीय और सिम्मी गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायक मंडल में रिचा गुप्ता और नीलू गुप्ता शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन रचना जैतवाल और अनीता ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग, सेवा समिति अध्यक्ष पदमा अग्रवाल, जागृति संस्थान अध्यक्ष डॉ. कुसुम गुप्ता, उषा गुप्ता, सुमन आर्य सहित संरक्षक मंडल और कार्यकारिणी की कई सदस्याएं उपस्थित रहीं। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखी गई।

# सीवरेज व ड्रेनेज कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण

■ **बरसात से पहले अतिरिक्त संसाधन लगाकर करायें कार्य : कलक्टर**

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बुधवार को शहर में सीवरेज एवं ड्रेनेज के चल रहे विकास कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूरे करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने सीएफसीडी के तहत काली बगीची से नीमदा गेट होते हुये हीरादास तक नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा जून माह तक अतिरिक्त संसाधन लगाकर दोनों छोर से कार्य को गति देकर शीघ्रता से वर्षा पूर्व पानी बहाव की स्थिति में लाने के निर्देश दिये। उन्होंने आगामी एक सप्ताह में कल्वट के कार्य को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बरसात आने के समय कार्य प्रभावित नहीं हो इसके लिये पानी बहाव की स्थिति बनाकर शीघ्रता से कार्य पूरा करायें जिससे आवश्यकता पडने पर पानी लिफ्ट किया जा सके। उन्होंने हीरादास कुण्ड से सीएफसीडी के नाले तक चार मीटर नाला निर्माण करने के निर्देश दिये जिससे पानी की अधिक आवक की स्थिति में भी पानी सुव्यवस्थित निकल सके। उन्होंने गणेश मंदिर से अनाह गेट तक नाला निर्माण का निरीक्षण कर टीले पर रखी ऐतिहासिक तोप को सुव्यवस्थित करते हुये टीले के पास सुरक्षा दीवार एवं उपर पार्क विकसित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने अनाह गेट के पास नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण कर 30 जून तक कार्य पूरा कराने के निर्देश दिये। सर्किल पर अतिरिक्त व्यास को हटाकर सर्किल का पुननिर्माण का प्लान बनाने के निर्देश दिये ताकि यातायात सुव्यवस्थित चल सके। निरीक्षण के समय बीडीए के अधिकारियों ने बताया कि एक तरफ का कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूरा हो गया है जिसको पूरा होने के दूसरी तरफ नाले की खुदाई की जायेगी। उन्होंने सर्किल को दोनों तरफ बनाये गये अस्थाई लिंक रोडों पर डामरीकरण कराने के निर्देश दिये। हीरादास तोप सर्किल के पास नाला निर्माण के उपर से डाली जा रही भूमिगत विद्युत लाईन के कार्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुये उन्होंने निर्देश दिये कि केबिलों को इस तरह व्यवस्थित किया जाये कि नाले के पानी का प्रवाह प्रभावित नहीं हो। उन्होंने जघीना गेट के पास सीएफसीडी के ड्रेन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा अतिरिक्त संसाधन लगाकर पूर्ण गति से कार्य पूरा करने के निर्देश दिये।

उन्होंने आरयूआईडीपी के चल रहे कार्यों का रणजीत नगर में निरीक्षण किया जहॉ कॉलोनियों में पाईप लाईन डालने के कार्य को गति देते हुये रोड मरम्मत कार्य भी साथ-साथ कराने के निर्देश दिये। उन्होंने रणजीत नगर मुख्य सडक मार्ग का निरीक्षण कर कार्य पूर्ण के साथ ही मोटरेवल सडक तैयार करने के निर्देश दिये ताकि आवागमन में आमजन को परेशानी नहीं हो। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई, बीडीए के अधीक्षण अभियंता योगेश माथुर, अधिशाषी अभियंता डीपी शर्मा, बहादुर सिंह, नगर निगम के विनोद चौहान, राजुल शर्मा सहित संबंधित अभियंताओं की टीम उपस्थित रही।

## भव्य दीपदान का कार्यक्रम आज

**भरतपुर** (निस)। श्री चिंताहरण हनुमान सेवा समिति (रजि0) मोरी चार बाग भरतपुर द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव-2026 के तीन दिवसीय कार्यक्रमों के तहत द्वितीय दिन मोरी चार बाग भरतपुर स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर में भव्य दीपदान का कार्यक्रम हुआ जिससे पूरा मंदिर दीपकों की रोशनी से जगमगा उठा, समिति के सदस्यगण जिनमें महिलाएँ एवं पुरूष तथा अन्य भक्तजनों ने जय श्रीराम, जय श्री हनुमान के नारे लगाये। मंदिर के चारों तरफ जय श्री राम - जय हनुमान का उदघोष हुआ। इस दीपदान के आयोजन में नरेन्द्र कुमार मीणा सी.ओ. सिटी भरतपुर के द्वारा महाआरती की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष राकेश मित्तल एवं सचिव दाऊदयाल बंसल कुम्हेर वाले एवं संस्थापक अध्यक्ष राधाकृष्ण अप्पन, कोषाध्यक्ष शरद बंसल आरती में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता, राधाकृष्ण अप्पन, अध्यक्ष राकेश मित्तल, सचिव दाऊदयाल बंसल कुम्हेर वाले, कोषाध्यक्ष शरद बंसल, ओमप्रकाश सिंघल, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण पाठक, प्रमेन्द्र गुप्ता, विजयपाल, राजकुमार चोला, आशिक, सहित समिति के अन्य सदस्य एवं महिलाएँ उपस्थित रहीं।

## उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर विधार्थी सम्मानित

**गंगापुर सिटी ।** समीपवर्ती उदेई खुर्द गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का स्वागत एवं अभिवादन समारोह आयोजित किया गया। प्रथम तीन स्थानो पर आने वाले विद्यार्थियों को सीवीएस ग्रुप द्वारा नकद पारितोषिक भी प्रदान किया गया। उच्च माध्यमिक परीक्षा में 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रितिका मीना पुत्री चरण सिंह मीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 88.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजकुमारी मीना द्वितीय एवं 85.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सलोनी मीना तृतीय स्थान पर रहीं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 19 विद्यार्थियों में से 15 प्रथम श्रीएवं 4 द्वितिय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई। इसी प्रकार माध्यमिक परीक्षा परिणाम में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए ग्रामीणो ने प्रधानाचार्य डॉ. धर्मवीर मण्डावत एवं समस्त स्टाफ का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।

# धूमधाम से निकली नाजिम की सवारी, मेले का निरीक्षण

■ **विधि विधान से पूजा अर्चना व भगवान जिनेन्द्र की आरती उतारी**

**श्रीमहावीरजी ।** श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी में चल रहे वार्षिक मेले में गुरुवार को नाजिम की सवारी निकाली गई जिसमें हिंडौन नाजिम ने खुली गाड़ी में सवार होकर मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया ,ऐसी परंपरा है की हिंडोन उपखंड अधिकारी जिसे नाज़िम भी कहा जाता है मेले से 1 दिन पूर्व मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करता है और दूसरे दिन भगवान महावीर स्वामी की वार्षिक रथ यात्रा के सारथी बनेंगे। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल ने बताया कि हिंडोन उपखंड अधिकारी व मेला मजिस्ट्रेट हेमराज के नेतृत्व में नाजिम की सवारी निकाली गई मेले के मुख्य कार्यक्रमों में से एक नाजिम की सवारी बुधवार अपराह्न 4 बजे मंदिर के मुख्य प्रांगण से होती हुई कस्बे के मुख्य मार्ग एवं गली-मोहल्लों से होती हुई वापस मंदिर प्रांगण में आकर पूर्ण हुई। मुसलमान मोहल्ला में मस्जिद पर नाजिम की सवारी का मुस्लिम सम्प्रदाय के लोगों द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया इससे पूर्व हिंडोन उपखंड अधिकारी हेमराज गुर्जर ने विधि विधान से पूजा अर्चना व भगवान जिनेन्द्र की आरती उतारी और मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ने सुधांशु कासलीबाल ने मेला मजिस्ट्रेट हेमराज की गोद भराई की रस्म को पूर्ण की। पंचायती प्याऊ पर बैठ कर जल सेवा की ।तत्पश्चात हिंडोन नाजिम खुली जीप में सवार होकर पूरे प्रशासनिक लवाजमे के साथ मेला निरीक्षण के लिए निकले श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र प्रबंध कारिणी कमेटी के अध्यक्ष सुधांशू कासलीवाल, मानद मंत्री उमरावमल संघी भी निरीक्षण में साथ रहे । मेला मजिस्ट्रेट का जगह जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया ।

इस मौके पर दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र प्रबंधकारिणी कमेटी अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश जैन, मानद मंत्री उमरावमल संघी, संयुक्त मंत्री रुपिन काला, अनिल पाटनी दीवान, कोषाध्यक्ष हेमंत सोगानी, एन के सेठी, अशोक जैन, शांति कुमार जैन, विवेक काला, सुधीर कासलीवाल, तहसीलदार हरसहाय मीना सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे । प्रबंधकारिणी अध्यक्ष ने नाजिम की गोद भराई की रस्म अदायगी-श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में चल रहे भगवान महावीर स्वामी के वार्षिक मेले में शनिवार को नाजिम की सावरी निकली जिसमें कई परम्पराओं की रस्म अदायगी की गई। मंदिर प्रबंधकारिणी कमेंटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल ने नाजिम हिंडौन हेमराज गुर्जर की गोद भराई की।

## कला-विज्ञान में शानदार परिणाम

**भरतपुर** (निस)। बाबा सुठीव विद्यापीठ में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कला, विज्ञान एवं कॉमर्स वर्ग के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक इंजीनियर रवि शर्मा एवं विद्यालय की प्रिंसिपल डॉक्टर रंजना तिवारी ने मेधावी विद्यार्थियों को माला साफा तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर एवं उनके अभिभावकों को माला साफा पहनाकर सम्मानित किया । कला वर्ग में विद्यालय के छात्र देवांश पुत्र सुखदेव सिंह ने 98.40 प्रतिशत अंक हासिल किया है तो वही विज्ञान वर्ग में विद्यालय की छात्रा प्रियांजली मित्तल ने 98: अंक हासिल किया है विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है विद्यालय की प्रिंसिपल डॉक्टर रंजना तिवारी ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि परसेंटेज की होड़ से बच्चों को बचाकर रखना चाहिए।

# गैस सिलेंडर से परेशान लोगों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया

**रूपवास भरतपुर** (निस)। रूपवास नगरपालिका क्षेत्र के लोगों ने नगरपालिका क्षेत्र होने के बावजूद गैस सिलेंडर की बुकिंग 45 दिन पश्चात होने के विरोध में उपखण्ड अधिकारी विष्णु बंसल को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन दिया है। नगरपालिका क्षेत्र के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम दिए ज्ञापन में लिखा कि रूपवास नगरपालिका क्षेत्र के लोगों को रूपवास में मौजूद इंडेन गैस एजेंसी जो कि ठाामीण एजेंसी है से उपभोक्ताओं को 45 दिन पश्चात गैस सिलेंडर की बुकिंग की जा रही है। जिसके कारण नगरपालिका के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि राज्य व केंद्र सरकार के नियमानुसार ठाामीण क्षेत्र में 45 दिन पश्चात व शहरी क्षेत्र में 25 दिन पश्चात बुकिंग के आदेश दिए गए हैं। उसके बावजूद रूपवास नगरपालिका की इंडेन गैस एजेंसी संचालक एजेंसी को ग्रामीण क्षेत्र मानकर 45 दिन में ही बुकिंग कर रहे हैं। वहीं संचालक का कहना है कि यह गैस एजेंसी ग्रामीण क्षेत्र की है। जब रूपवास नगरपालिका में मौजूद गैस एजेंसी ग्रामीण क्षेत्र की है। तो नगरपालिका के उपभोक्ताओं के लिए नगरपालिका क्षेत्र में एक नई गैस एजेंसी खुलवाई जाए। साथ ही गैस कंपनी के नियमानुसार ठाामीण क्षेत्र की एजेंसी को ठाामीण क्षेत्र में ही खोला जा सकता है न कि नगरपालिका क्षेत्र में। इसलिए इस गैस एजेंसी को ग्रामीण क्षेत्र में ही स्थानांतरित किया जाए। जब नगरपालिका क्षेत्र में गैस एजेंसी होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र के नियम लागू है तो नगरपालिका क्षेत्र में नई गैस एजेंसी खुलवाया जाना बेहद जरूरी है। वहीं नगरपालिका के लोगों की समस्या के बारे में कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा को अवगत करवाया गया तो उन्होंने शीघ्र ही समस्या का समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया।

## फार्म पौण्ड योजना से किसानों को मिल रहा लाभ

**भरतपुर** (निस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

संयुक्त निदेशक कृषि विभाग राधे श्याम मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा किसानों के खेतों पर वर्षा जल को एकत्रित करने एवं उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए फार्म पौण्ड योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), लघु एवं सीमांत किसानों को कच्चे फार्म पौण्ड पर इकाई लागत का 70 प्रतिशत या अधिकतम 73 हजार 500 रुपये तथा प्लास्टिक लाइनिंग फार्म पौण्ड पर 90 प्रतिशत या अधिकतम 1 लाख 35 हजार रुपये तक अनुदान दिया जा रहा है।

# मंडी में सरसों की बंपर आवक

■ **भाव 7000 रुपए प्रति क्विंटल तक, रोजाना 12-15 हजार कट्टे आ रहे**

**गंगापुर सिटी।** स्थानीय कृषि उपज मंडी में इन दिनों सरसों की बंपर आवक हो रही है। प्रदेश की प्रमुख मंडियों में शुमार इस मंडी में प्रतिदिन 12 से 15 हजार कट्टों तक सरसों पहुंच रही है, जिससे मंडी परिसर में रौनक बढ़ गई है। किसानों को सरसों के भाव 7000 रुपए प्रति क्विंटल तक मिल रहे हैं। शुरुआती दौर में सरसों में नमी अधिक होने के कारण व्यापारियों को खरीद में हिचक हो रही थी। हालांकि, अब तेज धूप के चलते नमी कम हुई है, जिससे व्यापार में तेजी आई है। नीलामी के बाद तुलाई और ट्रकों के माध्यम से माल को बाहर भेजने का काम लगातार जारी है। मंडी में जगह-जगह किसानों द्वारा लाई गई सरसों की ढेरियां लगी हुई हैं। बढ़ती आवक के कारण मंडी में पैर रखने तक की जगह नहीं बची है और पूरे दिन गतिविधियां तेज बनी रहती हैं। कृषि विभाग के अनुसार, गंगापुर सिटी, वजीरपुर, तलावड़ा, बामनवास और बरनाला क्षेत्रों में लगभग 60 हजार हेक्टेयर में सरसों की बुवाई का लक्ष्य रखा गया था। हालांकि, वास्तविक बुवाई करीब 56 हजार हेक्टेयर में ही हो सकी। बामनवास क्षेत्र में सर्वाधिक 21125 हेक्टेयर में बुवाई हुई, जबकि गंगापुर सिटी में 7720, वजीरपुर में 12600, तलावड़ा में 4569 और बरनाला में 10120 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित था। लक्ष्य से कम बुवाई के बावजूद अनुकूल मौसम और बेहतर फसल प्रबंधन के कारण इस बार सरसों की पैदावार शानदार रही है, जिसका असर मंडी में बढ़ती आवक के रूप में दिख रहा है । मंडी में सरसों के दाम किसानों के लिए संतोषजनक बने हुए हैं। वर्तमान में सरसों 6900 से 7000 रुपए प्रति क्विंटल के बीच बिक रही है। 42 प्रतिशत तेल कंडीशन वाली सरसों के अधिकतम दाम 7000 रुपए तक पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, सरसों में तेल का मानक 42 प्रतिशत माना जाता है और इसी आधार पर कीमत तय होती है। यदि सरसों में तेल की मात्रा अधिक होती है, तो किसानों को अतिरिक्त भुगतान भी मिलता है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है। गंगापुर सिटी मंडी में सरसों के भाव भरतपुर मंडी के अनुसार निर्धारित किए जाते हैं। इसके बावजूद स्थानीय मंडी में भाव 50 से 60 रुपए प्रति क्विंटल ज्यादा चल रहे हैं। इससे क्षेत्र के किसानों को अतिरिक्त लाभ मिल रहा है। व्यापारियों का मानना है कि बेहतर गुणवत्ता और मांग के कारण यहां के दाम ऊंचे बने हुए हैं, जिससे किसान उत्साहित हैं । बड़ी मात्रा में अपनी उपज मंडी में ला रहे हैं।

## छात्राओं का सम्मान

**सूरौठ।**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाईजट्ट की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बुधवार को प्रधानाचार्य रहीमुद्दीन खान एवं विद्यालय स्टाफ ने छात्राओं के घर पहुंचकर उनका सम्मान किया। शारीरिक शिक्षक नरेंद्र बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की छात्रा निशा कुमारी प्रजापत ने सीनियर सेकेंडरी परीक्षा 2026 में 92.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि रेणु कुमारी प्रजापत ने 91.20 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य रहीमुद्दीन खान, बनी सिंह मीना, पालन सिंह गंधार, देवेंद्र सिंह भागौड, राजेंद्र मीना, श्रीलाल माली, तेज सिंह गुर्जर एवं नीतू शर्मा ने छात्राओं को माला पहनाकर, साफा बांधकर व मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। शिक्षकों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## खेल मैदान का स्वरूप निखरा

**गंगापुर सिटी ।** बुधवार को हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में महा स्वच्छता अभियान चलाया गया। सरकार के स्वच्छता अभियान से प्रेरित इस पहल में क्षेत्र के युवाओं और नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और साफ-सफाई की जिम्मेदारी संभाली। अभियान का नेतृत्व संयोजक आलोक मालधनी ने किया। प्रतिभागियों ने मैदान में फैले प्लास्टिक और अन्य कचरे को एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर निस्तारित किया। इस श्रमदान के माध्यम से स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर सभापति शिवरतन अग्रवाल ने स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ शहर और स्वस्थ समाज के लिए नियमित साफ-सफाई अत्यंत आवश्यक है। अग्रवाल ने सभी नागरिकों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। मॉर्निंग मूवर्स ग्रुप के सदस्यों ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। उनके अनुसार, ऐसे अभियान समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को अपनी जिम्मेदारी का एहसास भी कराते हैं। अभियान के समापन पर संयोजक आलोक मालधनी ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

## गौ सम्मान अभियान की बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी ।** श्री गोपाल गौशाला तहसील गंगापुर जिला सवाई माधोपुर राजस्थान में गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया। इस दौरान पूर्वी राजस्थान गो प्रचारक पूज्य सन्त वैष्णव दास महाराज बृंदावन, घनश्याम मीना पांचौली व तहसील गो प्रचारक भानू पारीक, विजय गोयल ने कहा कि देशी नस्ल की गौ माता, जो भारतीय संस्कृति व सनातन परम्परा का मूल आधार है उस गोवंश की घोर उपेक्षा होने से बड़ी संख्या में गौ वंश निराश्रित अवस्था में यत्र तत्र विचरण कर रहा है। प्रतिदिन अनेकों गो वंश सड़को,राजमार्गों पर दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है। भारत के आधे से अधिक प्रांतों में गो वध की खुली छूट होने से नित्य हजारों गोवंश का कत्लखानों में निर्दयता पूर्वक वध किया जा रहा है, नाम मात्र की गोशालएँ हैं जिनमें भी व्यवस्थाएं समुचित नहीं है। अत: अब केंद्र सरकार द्वारा समुचित कानूनी संरक्षण दिए जाने की नितांत आवश्यकता है जो समूचे देश में एकरूपता से लागू हो। महापुरुषों और विशेषज्ञों का मत है कि गो सेवा ,गो सुरक्षा और गो सम्मान को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो 2036 तक भारत गोवंश रहित होकर विकृत हो जाएगा जिसके फलस्वरूप हम सब का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा। इस विषय पर गंभीर चिंतन करते हुए गो माता के कष्ट की विकराल समस्या के समाधान हेतु संतों और गो सेवकों की एक विशेष बैठक 6 माह पूर्व वृन्दावन धाम में हुई,जिसमें पत्रक में वर्णित 2 वर्ष के काल खण्ड की वृहद योजना द्वारा संपूर्ण भारत वर्ष में गौ हत्या को प्रतिबंधित करने के लिए एवं गौ माता के सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए, गो माता के नेतृत्व में अभियान भारत भर के संतों और गो सेवकों द्वारा चलाया जायेगा, जो पूर्णतया अहिंसक शांतिपूर्ण एवं अनुरोध के साथ रहेगा। बैठक में बताया कि 27 अप्रेल 2026 को भारतवर्ष की प्रत्येक तहसील पर गोमाता के सानिध्य में सभी सनातनी, गो भक्त हजारों की संख्या में तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर संपूर्ण भारतवर्ष से गौ हत्या बंद करने के लिये एवं गौमाता जी को सम्मानजनक पद प्रदान करने के लिये सभी हस्ताक्षर करके माननीय प्रधानमंत्री, माननीय राष्ट्रपति, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय राज्यपाल के नाम प्रार्थना पत्र प्रदान करेंगे। इस अवसर पर गो सेवा समिति जिला गोविंद नारायण शर्मा, गोपीनाथ चर्चित, पूनम जगवानी, ओमप्रकाश, हरिओम अग्रवाल, कृपाशंकर उपाध्याय, सुरेश चन्द, शेलेन्द्र श्रीवास्तव, कुसुम भदौरिया व अन्य सैकडो गौ भक्त उपस्थिति रहे।

## गुटबाजी के चलते सफाई कर्मियों की कमी से जूझ रही नगरपालिका

**सरमथुरा ।** नगर पालिका इन दिनों सफाई कर्मियों की कमी से जूझती नजर आ रही है। ऐसे में नपा की सफाई व्यवस्था लड़खड़ाई हुई है। वही नपा अधिकारी सफाई कर्मियों की कमी के चलते समस्या के समाधान में लगे हुए है। आप को बता दें विगत दिनों में सफाई संवेदक को नपा द्वारा हटाने के बाद नपा को व्यवस्था संभालने में खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। पर्याप्त सफाई कर्मी न होने से पूरे कस्बे में सफाई नही हो पा रही है व मुख्य स्थानों पर सफाई से काम चलाना पड़ रहा है। नपा द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए धौलपुर की एनजीओ सीएलसी को सफाई कार्य दिया गया है। परन्तु एनजीओ संचालक कस्बे में नजर नही आ रहे है जिसके चलते कुछ ही लोग इसका फायदा उठा रहे है और इसी कारण सफाई कर्मियों में गुटबाजी नजर आ रही है। लगभग 60 सफाई कर्मी कार्यवाहिस्कार करते हुए घर बैठे है उनका कहना है कि हमारे सफाई कर्मी नपा में पहले से ही कार्य करते आ रहे है परंतु एनजीओ द्वारा अभी तक उनसे कोई संपर्क नही किया गया है। एनजीओ अगर व्यवस्थित रूप से कार्य करना चाहती है तो सभी सफाई कर्मियों को लेकर कार्य कराया जाना चाहिए। नपा क्षेत्र में 25 वार्ड है जिनके लिए काम से कम 75 सफाई कर्मियों की आवश्यकता है पूर्व में भी इसी तरह सफाई कार्य संपन्न कराया जाता रहा है। परंतु वर्तमान में लगभग 45 लोगों से ही एनजीओ द्वारा कार्य कराया जा रहा है।

## करौली में नए जिला कलेक्टर होंगे अक्षय गोदारा

**करौली।** जिले के जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना का सरकार ने स्थानांतरण करते हुए उनके स्थान पर अक्षय गोदारा (2017 बैच) भारतीय प्रशासनिक सेवा जो हाल ही में बूंदी के जिला कलेक्टर के रूप में तैनात थे।। उन्हें अब बूंदी से स्थानांतरित कर करौली का नया जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार वे राजस्थान कैडर के अधिकारी हैं और जिला कलेक्टर पद पर पहली पोस्टिंग के रूप में बूंदी में कार्यरत थे, जहाँ उन्होंने पारदर्शी शासन और जनसुनवाई पर जोर दिया। अक्षय गोदारा मूलत: राजस्थान के पाली जिले के भाखरीवाला गाँव के निवासी है । जिन्होंने मुंबई आईआईटी से कंप्यूटर साइंस में बीटेक की है। उन्होंने वर्ष कड़ी मेहनत कर 2017 बैच में 40वीं रैंक प्राप्त कर आईएएस बने। जो राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भरतपुर में असिस्टेंट कलेक्टर, स्वास्थ्य मंत्रालय में सहायक सचिव, और अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त पद पर रह चुके हैं।जानकारी के अनुसार उनकी पत्नी, सौम्या झा भी आईएएस अधिकारी हैं और वे एक आईएएस कपल के रूप में जाने जाते हैं।

## 4 महीनों से खुला पड़ा है गहरा गड्ढा

**गंगापुर सिटी ।** उदेई मोड़ सर्किल पर सीवरेज लाइन डालने के लिए खोदा गया एक गहरा गड्ढा पिछले तीन-चार महीनों से खुला पड़ा है। इसके कारण इस व्यस्ततम मार्ग पर हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह गड्ढा जेसीबी और अन्य भारी मशीनों से काफी गहराई तक खोदा गया था। हालांकि, अब तक न तो सीवरेज लाइन का कार्य पूरा हुआ है और न ही गड्ढे को भरा गया है। यह स्थान शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है। सर्किल होने के कारण यहां तीनों ओर से वाहनों और पैदल यात्रियों का लगातार दबाव रहता है। गड्ढे के एक ओर बस स्टैंड है, जहां प्रतिदिन हजारों यात्री आते-जाते हैं। दूसरी ओर थोक फल-सब्जी मंडी स्थित है, जिससे किसान, व्यापारी और आमजन दिनभर आवागमन करते हैं। इसके ठीक सामने एसबीआई बैंक होने के कारण ग्राहकों की आवाजाही भी निरंतर बनी रहती है। खुला गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने कई बार संबंधित विभाग को इसकी सूचना दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।रात के समय पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा इंतजामों की कमी से जोखिम और बढ़ जाता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सीवरेज कार्य को शीघ्र पूरा कर गड्ढे को भरा जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

## छात्र-छात्राओं ने फिर परचम फहराया

**करौली ।** विज्ञान वर्ग कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में यहां के शिवा एकैडमी विद्यालय के विज्ञान वर्ग के 7 छात्र-छात्राओं ने 95 प्रतिशत से अधिक और 40 छात्र छात्राओं ने 90 से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान वर्ग में कक्षा 12वीं की छात्रा सीमा बंसल ने 97 -छात्र चंद्र प्रकाश गुप्ता ने 95.80 छात्र अनू गुप्ता ने 95 पॉइंट 60 वैभव उपाध्याय ने 95.60 प्रतिशत आंचल जैन 95.40 शिवम 94.80 सुमित कुमार मीणा ने 95.60 अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवारजन का नाम रोशन किया जिनके परिणाम आने पर परिवार जन और विद्यालय प्रबंधन में खुशी की लहर दौड़ गई वही विद्यालय प्रबंधन ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया विद्यालय के डायरेक्टर सुधीर नायर ने बताया कि इनके अलावा 40 छात्र-छात्राओं ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

**विवाधको के स्थरीकरण के लिए सम्मन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, करौली ठाकुरजी कुन्ज बिहारीजी बनाम प्रहलाद प्रार्थना पत्र बाबत इजराय वाद संख्या 5/12 बनाम (1/1/3) माया पुत्री प्रहलाद पत्नी नामालूम जाति माली निवासी तीन बड करौली (2/3/4) सूरज पुत्री परसादी पत्नी नामालूम जाति माली निवासी घुरूपरा तहसील करौली जिला करौली वादी ने आपके विरूद्ध इजराय पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में 07.04.2026 को दिन में 11:00 बजे प्रार्थना पत्र का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो प्रार्थना पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद ता. 24 माह 03 सन् 2026 का मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**उपखण्ड अधिकारी करौली**